उत्तर प्रदेश शासन
पर्यटन अनुभाग
संख्याः-139/2020/1670(1)/41-2020-02सा0/12
लखनऊ ,दिनांक 06 जुलाई,2020

<u>कार्यालय-आदेश</u>

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी/प्रचार अधिकारी के पद के लिये चयनित सुश्री अपराजिता सिंह को शासन के कार्यालय आदेश सं0-134/2020/1214/41-2020-02 सा0/12 दिनांक 05 जून,2020 द्वारा क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी/प्रचार अधिकारी के पद पर वेतनमान वेतन बैण्ड-3-15600-39100 ग्रेड वेतन-5400/- में नियुक्ति प्रदान करते हुये महानिदेशक, पर्यटन (मुख्यालय) लखनऊ में सम्बद्ध कर 01 माह के प्रशिक्षण हेतु आदेश निर्गत किया गया था।

2- तत्क्रम में सुश्री अपराजिता सिंह को तात्कालिक प्रभाव से कार्यालय प्रयागराज में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी/प्रचार अधिकारी के पद पर एतद्द्वारा तैनात किया जाता है।

3- महानिदेशक, पर्यटन, पर्यटन उ0प्र0 / नियंत्रक अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी को तत्काल कार्यमुक्त कर नवीन तैनाती के पद का कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया जाये।

4- संबंधित अधिकारी को नवीन तैनाती का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व किसी प्रकार का अवकाश नहीं स्वीकृत किया जायेगा । उनके द्वारा नवीन तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण न करना अनुशासनहीनता मानी जायेगी तथा कार्यभार नहीं ग्रहण किये जाने की दशा में उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित की जायेगी।

ए0पी0सिंह
संयुक्त सचिव।

<u>संख्याः139/2020/1670(1) /41-2020-02सा0/2012 ,तददिनांक</u>
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-
1- महालेखाकार, उ0प्र0 , प्रयागराज।
2- महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0, लखनऊ को उक्त आदेश की 02 प्रतियां इस अनुरोध सहित प्रेषित कि कृपया संबंधित अधिकारी को आदेश की प्रति प्राप्त करवाते हुये उक्त की पावती शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3- वित्त नियंत्रक, कार्यालय महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0, लखनऊ।
4- संबंधित कोषाधिकारी।
5- उप निदेशक, कार्यालय पर्यटन विभाग, प्रयागराज।
6- कार्यालय क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, प्रयागराज।
7- सुश्री अपराजिता सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी/प्रचार अधिकारी(द्वारा कार्यालय महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0, लखनऊ) ।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ए0पी0सिंह)
संयुक्त सचिव